श्री बंशीधर नगर, शनिवार
18.01.2025
माघ कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 146

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:32 बजे

**तापमान**
अधिकतम :22 डिग्री से.
न्यूनतम :09 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

233 लाभुकों की अनुदान राशि स्वीकृत >> पेज 03 शास्त्रीय नृत्य करती दिखेंगी खुशी कपूर >> पेज 04

**सुविचार**

आत्मसंतुष्टि ही जीवन की सच्ची समृद्धि है, इसे पाने का प्रयास हमें करना चाहिए।

**न्यूज अपडेट्स**

### 23 तक न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं


**रांची।** राज्य में ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। फिलहाल, 23 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, शुक्रवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरे और धुंध एवं बादलों की लुका-छिपी बनी रही। मौसम विभाग ने 18 से 23 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में तीन डिग्री सेल्सियस तापमान गिरा। रांची के सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। रांची का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डालटनगंज का अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**लापरवाही** गढ़वा जिले में लकवाग्रस्त हेल्थ सिस्टम आईसीयू में, गिन रहा अंतिम सांसें

# बंध्याकरण ऑपरेशन में मची लूट, मनमर्जी और फर्जीवाड़ा

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले में हेल्थ विभाग में जमकर लूट मची है। ऐसा लगता है मानो हेल्थ विभाग लूट और फर्जीवाड़े का कीर्तिमान अपने नाम करने में जुटा है। लूट और फर्जीवाड़े के कारण जिले में पूरा हेल्थ सिस्टम लकवाग्रस्त होकर आईसीयू में अंतिम सांसें गिन रहा है। ताजा वाकया बंध्याकरण ऑपरेशन में मनमर्जी और फर्जीवाड़े से जुड़ा है। वाकया जिले के नगर ऊंटारी अनुमंडल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन का है। अनुमंडल अस्पताल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण ऑपरेशन का कार्य रशियन हेल्थकेयर प्राईवेट लिमिटेड



पटना बिहार को मिला है। हेल्थ विभाग के जिलास्तरीय उच्चाधिकारियों ने रशियन हेल्थकेयर प्राईवेट लिमिटेड पटना बिहार के साथ एमओयू किया है। उक्त एमओयू के आलोक में उक्त एजेंसी ऑपरेशन कर रही है, लेकिन मजे की बात है कि अनुमंडल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन कर रही उक्त एजेंसी के तरफ से ऑपरेशन के लिये कौन सर्जन और मूर्छक और ओटी सहायक के तौर पर ओटी में काम कर रहे हैं इस संबंध में कोई डिटेल कागजात अनुमंडल अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। मतलब कौन सर्जन कौन मूर्छक कौन ओटी सहायक ओटी में महिलाओं का ऑपरेशन कर रहा है यह आधिकारिक तौर अनुमंडल अस्पताल प्रशासन को ज्ञात नहीं है। सवाल उठता है कि हेल्थ विभाग के जिला स्तर से एमओयू हुआ है तो मरीजों के हित से संबंधित उस एमओयू में लिये गये हर निर्णय से अनुमंडल अस्पताल प्रशासन को जानकारी क्यों नहीं है? यह बहुत बड़ा और गंभीर सवाल है। यह मरीजों को अंधेरे में रखकर अकुशल अपात्र मेडिकल टीम से ऑपरेशन कराकर मरीजों की जानमाल से खेल करने और सरकारी राशि को ठिकाने लगाने की सोची समझी साजिश का बहुत बड़ा हिस्सा है। हेल्थ विभाग में सेवा दे चुके विशेषज्ञ इसे बहुत खतरनाक मानते हुये कहते हैं कि यह मरीजों के जानमाल के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हर मरीज के परिजन को यह जानने का अधिकार है कि उनके मरीज को किस मूर्छक के द्वारा बेहोश किया गया और किस सर्जन ने ऑपरेशन किया है। अस्पताल प्रशासन को भी यह बताना जरूरी है। यदि वह नहीं बता रहा है तो बहुत बड़ी गड़बड़ी का परिचायक है। मरीजों के जानमाल के साथ खिलवाड़ संबंधित एजेंसी और अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है।

### एसडीओ ने सीओ और बीडीओ से मांगी संयुक्त जांच रिपोर्ट

अनुमंडल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने नगर ऊंटारी सीओ और बीडीओ दोनों अधिकारियों से मामले की जांच कर संयुक्त जांच रिपोर्ट तलब किया है। जिसके आलोक में जांच अधिकारी बीडीओ रौशन कुमार ने डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी से अनुमंडल अस्पताल में ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर की टीम के विषय में जानकारी मांगी है। उधर अनुमंडल अस्पताल की डीएस ने बीडीओ के पत्र को संलग्न करते हुये जिले के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार से डॉक्टर की टीम के विषय में बीडीओ को जानकारी देने का अनुरोध किया है। डीएस द्वारा सीएस से टीम का डिटेल भेजने का अनुरोध यह साबित करता है कि अब तक रशियन हेल्थकेयर प्राईवेट लिमिटेड नामक एजेंसी ने किस सर्जन और किस मूर्छक और ओटी सहायक के माध्यम से नगर ऊंटारी अनुमंडल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन किया उसकी जानकारी अनुमंडल अस्पताल प्रशासन को नहीं है। मरीजों के परिजनों को भी ज्ञात नहीं है कि उनके मरीज का ऑपरेशन कौन कर रहा है, उक्त आरोप की पुष्टि अनुमंडल अस्पताल के डीएस द्वारा सीएस को लिखे पत्र से हो गई है। यह सोचने वाली बात है गढ़वा जिले में हेल्थ विभाग में मरीजों के जानमाल के साथ खेल कर पैसे को ठिकाने लगाने का खेल किस कदर खेला जा रहा है।

## राज्य में लगेगा महुआ शराब का प्लांट : वित्त मंत्री किशोर

**रांची।** झारखंड में देशी महुआ शराब की खपत और इसकी व्यापक उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार अब महुआ शराब बनाने की फैक्टरी लगाकर महुआ शराब बेचने की शुरुआत करेगी। इसके लिए मद्य निषेध और उत्पाद विभाग बकायदा वृहद प्लांट लगाने पर विचार कर रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में बजट पूर्व गोष्ठी के दूसरे दिन बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग के एक्सपर्ट की ओर से विचार आए हैं। इस पर सरकार विचार करेगी। मंत्री ने कहा कि चूंकि 'महुआ' का सेवन स्थानीय




स्तर पर बड़ी मात्रा में किया जाता है, इसलिए गोवा की तर्ज पर विभाग विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर सकता है ताकि लोगों को अधिक परिष्कृत महुआ पेय उपलब्ध कराया जा सके। इससे राज्य सरकार को राजस्व बढ़ोतरी में मदद भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में कई एक्सपर्ट ने झारखंड में जल्द कोयला की उपलब्धता समाप्त होने का अनदेशा जाहिर किया। ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार राज्य में मौजूद यूरेनियम का उपयोग बिजली उत्पादन में करने पर सहमति जताई है। राज्य में यूरेनियम प्लांट लगाने पर भी सहमति बनी है। मंत्री ने कहा कि अब तक जो विभिन्न सुझाव आए हैं उनमें यह भी शामिल है कि डीजल की कीमतों को कम किया जा सकता है। और उत्तर प्रदेश के बराबर लाया जा सकता है जिससे मांग बढ़ेगी और राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के आंतरिक संसाधनों के माध्यम से बिजली संयंत्र स्थापित करने के विकल्प पर भी चर्चा की गई क्योंकि ऊर्जा विभाग राज्य में पिक लोड मांगों को पूरा करने के लिए औसतन 600 करोड़ रुपये प्रति माह का भुगतान कर रहा है जो कि 2900 मेगावाट है। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को उत्पाद शुल्क विभाग के तहत लक्ष्यों पर फिर से विचार करने के लिए भी कहा गया, जो वर्तमान में इस वित्तीय वर्ष के लिए 2700 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य सालाना 8,000 रुपये कमा रहे हैं जबकि हरियाणा उत्पाद शुल्क से सालाना 5,000 करोड़ रुपये से अधिक कमाता है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अलावे खास तौर पर ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग पथ निर्माण विभाग, भू राजस्व विभाग समेत अन्य विभाग के प्रधान सचिव और अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

## बुढ़मू के तिरु फॉल में डूबने से दो भाईयों समेत तीन की मौत

### पिकनिक मनाने गया था परिवार

**रांची।** राजधानी रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरु फॉल में शुक्रवार को नहाते समय डूबने से दो भाईयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक तिरुफॉल पिकनिक मनाने आए हुए थे। इसके बाद सभी पानी में नहाने के लिए उतरे। इसी दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए और निकल नहीं पाए। बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि पानी में डूबने से तीन युवकों की मौत हुई है। तीनों के शवों को स्थानीय गोताखोरों ने पानी से निकाल लिए हैं। मृतकों में दो भाई आशीष कुमार (23) और अंकुर कुमार (26) रांची, हेहल के रहने वाले थे जबकि तीसरा युवक दीपक गिरि (19) चान्हो करकट गांव का निवासी था। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जा रहा है। साथ ही घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### आरटीई प्रावधानों की धज्जियां उड़ा रहा शिक्षा विभाग, हेडमास्टर गुरुजी को बनाया बाबू

# विद्यालय में बच्चों को पढ़वाने के बजाय फाईलें ढुलवा रहे डीईओ

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर :** शहर से लेकर गांव तक इतिहास से जोड़कर एक कहावत चर्चित है कि एक दिन का बादशाह बनने पर भिश्ती ने चमड़े का सिक्का चलवाया था। आज इस उदाहरण को गढ़वा जिले में शिक्षा विभाग में देखने को मिल रहा है। कभी नगर ऊंटारी में शिक्षा विभाग में एरिया अफसर के रूप में काम करने वाले कैसर रजा इसी जिले में बतौर डीईओ पोस्टेड होने पर शिक्षा विभाग में भिश्ती की तरह चमड़े का सिक्का चलाकर शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर देखा जाय तो उन्होंने हेडमास्टर गुरुजी जैसे सम्मानित पोस्ट पर कार्यरत काबिल और सुयोग्य शिक्षक को बाबू बनाकर उनसे फाईल ढुलाई करा रहे हैं। यह शर्मनाक ही नहीं गैरकानूनी भी है। गैरकानूनी इसलिये है कि जिले में बालकों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार



अधिनियम 2009 लागू है। उक्त कानून का मजाक उड़ाते हुये डीईओ ने नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरानागर के हेडमास्टर अविनाश सहाय को स्कूल में बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उन्हें पिछले कई दिनों से एरिया अफसर नगर ऊंटारी के कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर उन्हें क्लर्क बना दिया है। जिससे उक्त स्कूल में पठन पाठन का कार्य बुरी तरह प्रभावित है। जबकि उक्त स्कूल में 141 बच्चे अध्ययनरत हैं। जानकारी के मुताबिक अविनाश सहाय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरानागर के हेडमास्टर हैं। उनके साथ एक सरकारी एवं दो सहयोगी शिक्षक समेत कुल चार शिक्षक स्कूल में पदस्थापित हैं। स्कूल में बच्चों की संख्या 141 है। आरटीई के अनुसार छात्र शिक्षक अनुपात को बनाये रखने के लिये उक्त स्कूल में शिक्षक पहले से कम हैं, ऐसे में हेडमास्टर को स्कूल से हटाकर क्लर्क का काम कराना अवैधानिक है। बताया जाता है कि उक्त स्कूल में चार शिक्षकों के साथ स्कूल में पठन पाठन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। किंतु जिले के डीईओ की मनमानी का शिकार स्कूल के छात्र छात्राओं को बनना पड़ा। डीईओ हेडमास्टर अविनाश सहाय को नगर ऊंटारी एरिया अफसर कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर उन्हें क्लर्क बना दिया। जबकि नगर ऊंटारी एरिया अफसर के कार्यालय में पोस्टेड क्लर्क ओमप्रकाश को डीईओ कार्यालय गढ़वा में प्रतिनियुक्त कर दिया। हालांकि सिर्फ एक ही शिक्षक को क्लर्क नहीं बनाया गया है। कई शिक्षकों को स्कूल से हटाकर क्लर्क का काम लिया जा रहा है। सारा खेल आरटीई प्रावधानों के विपरीत किस लिये खेला गया है यह जांच का विषय है। डीईओ की मनमानी से जहां शिक्षा का अधिकार कानून की धज्जियां उड़ रही है, वहीं बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इससे शिक्षा विभाग की जमकर किरकिरी भी हो रही है।

> टेम्परी व्यवस्था के रूप में एरिया अफसर के कार्यालय में कार्यों का निष्पादन करने को लेकर हेडमास्टर अविनाश सहाय को प्रतिनियुक्त किया गया है।
>
> **कैसर रजा**
> **डीईओ**



# ट्रेन की चपेट में आने से एक ट्रैकमैन व एक मजदूर की मौत

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** धनबाद रेलखंड के डालटनगंज रेलवे स्टेशन के 12 नम्बर गेट के समीप ट्रेन की चपेट में आने से ट्रैकमैन अभिषेक कुमार की मौत हो गयी है। जबकि डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन के समीप रांची सासाराम एक्सप्रेस (अप) ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी है। मृतक मजदूर की पहचान बिहार के डेहरी ऑन सोन शहर के जक्की बिगहा मुहल्ले निवासी अजित भुईयां (22) के रूप में हुई है। डालटनगंज जीआरपी थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। सिगसिगी घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अजित उड़ीसा कमाने गया था। वहीं से वह घर लौट रहा था। इसीक्रम में वह सिगसिगी स्टेशन के समीप अचानक गिर गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सिगसिगी स्टेशन मास्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि देर रात पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन ने स्टेशन में जाकर सूचना दिया कि एक व्यक्ति रेलवे क्रोसिंग के समीप ट्रेन से गिर गया है। स्टेशन मास्टर ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दिया। वहीं उसके जेब से मिली कागजात के आधार पर उसके परिजनों को भी सूचना दी गयी। शुक्रवार की सुबह होते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये थे। इसी तरह मृतक ट्रैकमैन अभिषेक कुमार बिहार के गया जिले के रहने वाले थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी डालटनगंज स्टेशन पर थी। ट्रैक पेट्रोलिंग के दौरान उक्त घटना हुई है।

## न्यूज अपडेट्स

### अबुआ आवास के नाम पर पैसा लेने वाले पंचायत सचिव गिरफ्तार



**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पंचायत सचिव दीपक दास को शुक्रवार को 11. हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो निवासी चमेली देवी, पति जानकी रविदास से पंचायत सचिव दीपक दास अबुआ आवास के नाम पर 11 हजार रिश्वत मांग रहे थे। पीड़िता चमेली देवी ने बताया कि आवास के लिए दो किश्त में अब तक 80 हजार रुपए मिला है।और आवास का काम भी शुरू किया गया है। तीसरे किश्त के लिए पंचायत सेवक दीपक दास से मिली तो उनके द्वारा बोला गया कि इसके लिए आपको 11 हजार रूपया देना होगा। जबतक 11 हजार रूपया नहीं दीजिएगा तब तक आपके खाते में तीसरा किश्त नहीं जाएगा। इसकी जानकारी चमेली देवी ने ब्यूरो के एसपी कार्यालय में दी। इसके बाद एसीबी की टीम ने मामले की जांच की। जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद टीम ने महिला से 11 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## रेहला आत्मानंद चौबे की मनाई गई पांचवीं पुण्यतिथि

# प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

### पुण्यतिथि पर जुटे अतिथियों ने की आत्मानंद चौबे के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** रेहला शहर के चर्चित समाजसेवी रहे आत्मानंद चौबे की पांचवी पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके आवासीय परिसर में मनाई गई। पुण्यतिथि के मौके पर जुटे जिले व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों, राजनेताओं, गणमान्य लोगों व उनके परिजनों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन करते हुये श्रद्धांजलि दी। मौके पर क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षा व नौकरी के क्षेत्र में बेहतर व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये स्व आत्मानंद चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सीए की परीक्षा सफल ऋतिका पांडेय सहित अन्य कई अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं करीब 500 गरीबों के बीच कंबल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि ग्रासीम इंडस्ट्री के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, विशिष्ट अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश सिंह, एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, सांसद प्रातिनिधि अनुज कुमार पांडेय, डॉ डीपी शुक्ला, समाजसेवी रणजीत सिंह, कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय, घासीदाग मुखिया अंजू देवी सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने संबोधन में स्व आत्मानंद चौबे के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की। सभी वक्ताओं ने उनके जीवन काल मे समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत बताई। वहीं उनके परिजनों ने शिक्षा, चिकित्सा व खेल के क्षेत्र में भी उनकी याद में ट्रस्ट की ओर से कई कार्य कराने को रूपरेखा पर चर्चा किया। मंच संचालन सतीश चौबे ने किया। मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। पुण्यतिथि के मौके पर सेवानिवृत्त डीएसओ शशिनाथ चौबे, सेवानिवृत्त बीईओ सत्येंद्र चौबे, संतोष कुमार चौबे, मुन्ना चौबे, अशोक चौबे, मार्कण्डे चौबे, प्रिंस चौबे, अखिलेश चौबे, सुनील पांडेय, राघव चौबे, बबलू चौबे, राजेश चौबे, चुनमुन चौबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा के साथ जीवन में संगीत का होना जरूरी : अविनाश देव

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में एक दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से रेड रिबन काटकर किया। तत्पश्चात पलामू के प्रसिद्ध स्पेक्ट्रा संगीत मंडली के प्रमुख दिनकर जी ने संगीत व वाद्य यंत्रों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने, इसके प्रति रुचि विकसित करने व हमारे मन मस्तिष्क के इसके सुप्रभाव की जानकारियां बच्चों के बीच साझा की। साथ ही स्पेक्ट्रा ग्रुप के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर चेयरमैन श्री देव ने कहा कि संगीत सदियों से हमारे संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है और यह सिर्फ मनोरंजन का प्रबंध नहीं है, बल्कि मनुष्य के समग्र व्यक्तित्व के विकास का एक अच्छा माध्यम भी है। यह छात्रों के भावनात्मक बुद्धि, आत्मविश्वास व एकाग्रता को बढ़ाता है, इसलिये शिक्षा के साथ-साथ जीवन में संगीत का भी होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर समन्वयक अमरेंद्र कुमार, प्रवीण दुबे व निकिता गुप्ता समेत सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## बीएड व जीएलए कॉलेज के छात्र के द्वारा तैयार किये गये पेंटिंग का अवलोकन

# नीलांबर पीतांबर विवि का 16वां स्थापना दिवस मना

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 16 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुक्त सह वीसी बालकिशुन मुंडा के द्वारा ध्वजारोहण एवं कुल गीत के साथ शुरू किया गया। कुलपति के द्वारा बीएड व जीएलए कॉलेज के छात्र के द्वारा तैयार किये गये पेंटिंग का अवलोकन किया। कुलसचिव शैलेश कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि पलामू मेडिकल कॉलेज के एक सत्र का समापन कर दिया गया है। दो नये डिग्री कॉलेज में प्राचार्य की नियुक्ति कर सहायक प्राध्यापक भी उपलब्ध करा दिया गया है। विश्वविद्यालय के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के पहले सत्र की भी शुरूआत कर दी गई है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अंबालिका प्रसाद ने सभी का स्वागत किया। वित्तीय सलाहकार विनय कुमार वर्मा ने कहा कि सभी को मिलकर विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जो शिक्षक सेवानिवृत हो रहे हैं। उनके लिये ट्यूटोरियल क्लास लेने की व्यवस्था होनी चाहिये। वित्त पदाधिकारी कुर्तुउललाह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच का संचालन डॉक्टर भावना सिंह व डॉ संजय कुमार बाड़ा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा अजय कुमार पासवान, डा प्रदीप कुमार, रज्जी खान, डा रवि शंकर, डा मृत्युंजय कुमार दीपक व सभी विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## उटारी में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान का आयोजन




**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान उटारी प्रखंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी सहित सभी कांग्रेसजनों ने संविधाने निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पदयात्रा करके देश के प्रधानमंत्री से गृहमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश संविधान से चल सकता है। संविधान पर प्रहार करना भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की फितरत हो गयी है। देश के लोकतंत्र व संविधान पर हमला हो रहा है। कांग्रेस ही संविधान की रक्षा करेगी। कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में प्रखंड मुख्यालय में जय बापू जय भीम जय संविधान मार्च का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को उनके संवैधानिक मूल्यों के बारे में बताने काम किया जा रहा। बीजेपी की सरकार देश के संविधान और उसके मूल्यों पर हमला कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। जब तक देश के प्रधानमंत्री गृहमंत्री को बर्खास्त नहीं करेंगे और गृहमंत्री देश से माफी नहीं मांगेंगे तब तक यह अभियान चलता रहेगा। कार्यक्रम में विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, संतोष चौबे, सत्यनारायण तिवारी, अशोक सिंह, आलोक चौब, शैलेंद्र चौबे, अश्विन चौबे, रेखा देवी, बृजेश चंद्रवंशी, पार्वती देवी, नगीना देवी, कांति देवी, उमा तिवारी, अशर्फी चंद्रवंशी, विनय पाठक, जितेंद्र पाठक, शमीम अंसारी, बबन बैठा, छोटन सिंह, नागेंद्र सिंह, विनोद सिंह, अखिलेश राम, विजय रविदास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दो लाख का इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक कारबाईन, एक पिस्टल मैगजीन सहित, 11 गोलियां, एक मोबाइल और तीन कंबल बरामद किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो लाख के इनामी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं। इससे पहले साल 2021 में भी रांची पुलिस ने कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद लातेहार पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेकर बालूमाथ थाना के हाजत में रखा था। वह 23 मार्च, 2021 की सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। साथ ही एक के बाद एक हत्या, गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते आ रहा था। डीआईजी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा यादव अपने दस्ता सदस्यों के साथ लोहदगा जिले के कुडू के धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी लेकिन कुछ देर पूर्व ही वहां से कृष्णा यादव जा चुका था। आगे सूचना मिली कि वह अपने सदस्यों के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटा पहाड़ से हरहु बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के पास जंगल में दो अन्य दस्ता सदस्यों के साथ छुपा है और किसी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने जंगली क्षेत्र का घेराबंदी कर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटांड़ जंगल में स्थित क्षतिग्रस्त मकान में काले रंग के बैग में छिपाकर रखा हुआ हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया। डीआईजी के मुताबिक, कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि यह प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन से वर्ष 2014 से जुड़ा है तथा वर्तमान में जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी का सदस्य है। वह क्षेत्र के जमीन कारोबारियों, क्रसर मालिकों, ईंट-भट्ठा मालिकों तथा विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम की मांग करता था। साथ ही रकम नहीं देने पर कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ जाकर आगजनी, तोड़फोड़ एवं फायरिंग तथा हत्या तक की घटना को अंजाम देता है। नक्सली ने बताया कि कुछ और हथियार नकटा पहाड़ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा के बीच जंगल में बने नाले के पास छिपाकर रखा है। इसी क्षेत्र में उसके दस्ता सदस्य भी रहते हैं। उसके बताए अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस बल उसे साथ लेकर पैदल तलाशी एवं छापेमारी अभियान चला रही थी कि इस बीच में पुलिस को धक्का देते हुए रस्सा छुड़ाकर भागने लगा। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गया।



# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 233 लाभुकों को अनुदान राशि

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों की राशि अनुदान स्वीकृति के लिये बैठक की गई। जिसमें अनुदान राशि स्वीकृति के लिये गठित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जातियों के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना मद में चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने के लिये कुल 233 व्यक्तियों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें अनुसूचित जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 22 व्यक्तियों को, अनुसूचित जनजाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 47 व्यक्तियों को एवं पिछड़ी जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 164 व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान राशि के भुगतान के लिये स्वीकृति प्रदान की गई। ज्ञात हो कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से चलाये जाने वाली कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिये चिकित्सा अनुदान के लिये चिकित्सा सहायता योजना संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्तियों अथवा 72 हजार रुपए वार्षिक आय वाले उपरोक्त वर्णित वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान की राशि मुहैया कराई जाती है। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर जब्त, 8 पर प्राथमिकी



**मेदिनीनगर :** खनन विभाग की ओर से गुरुवार की अहले सुबह की गई कार्रवाई में बालू लदा 3 ट्रैक्टर जब्त किया गया है। वहीं एक ट्रैक्टर को चालक अपने साथ लेकर फरार हो गया। इस मामले में आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। दरअसल डीसी द्वारा पलामू जिले में खनन से जुड़े सभी प्रकार के अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश है। इस आलोक में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की अहले सुबह सदर प्रखंड के रजवाडीह व पांकी के सूरजबन में अवैध बालू का परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार व शुभम कुमार को गुरुवार की सुबह पांच बजे जांच के लिए पांकी व सदर अंचल अंचल अंतर्गत रजवाडीह भेजा गया.इस दौरान रजवाडीह मुख्य मार्ग से दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। वहीं पांकी के सूरजबन मोड़ से एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

## निर्णय | प्रखंड पंचायत समन्वय समिति की बैठक

# 46 डीप बोरिंग की योजना को स्वीकृति

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड पंचायत समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में शिक्षा विभाग के बीईईओ को प्रखंड कार्यालय में बैठने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य उपकेंद्र कोलझिकी में प्रतिनियुक्त एएनएम के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जो प्रतिदिन नहीं खुल रहा है उसपर उचित कार्रवाई करने निर्देश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की आंगनबाड़ी केंद्र केवल फोटो खींचने के लिये खोला जाता है, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सखी से किया जाना चाहिये। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता के द्वारा जानकारी दिया गया कि ग्राम पंचायत गरबांध में कुल 46 डिप बोरिंग की योजना स्वीकृत है। जिसमे 3 योजना चालू स्थिति में है शेष योजना का बोरिंग सफल नहीं होने के कारण चालू नहीं हो सका है। गरबांध के हसना बांध टोला में बिजली पहुंचाने का निर्देश दिया गया। लोगों को कल्याण विभाग के ऋण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, पीएम कुसुम, जेएसएलपीएस के द्वारा दी जाने वाली महिला उद्यमी ऋण का लाभ दिलाने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बीडीओ ने पंचायतों में लगने वाले स्वास्थ्य मेला, पशुपालन शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, बीडीओ रौशन कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अमर राम, प्रधान सहायक अनिल कुमार, सहायक मनोज कुमार, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, ग्राम सेविका लालती देवी, उषा देवी, जेई आशीष कुमार, पीएचईडी, मुखिया हलिवंता कला पंचायत सविता देवी, मुखिया नरही पंचायत मनोज कुमार ठाकुर, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश कुमार शुक्ल, पंचायत समिति सदस्य तेजवंती देवी, कृष्णा राम, मृदुला द्विवेदी, चिंतामणि देवी, राधा देवी, राजकुमारी देवी, रवीन्द्र राम सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ऑनलाईन प्लेटफार्म पर बेची जा रही दवाओं से मिल रही है सर्वाधिक चुनौतियां : धर्मेंद्र

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर:** ऑनलाईन प्लेटफार्म पर बेची जा रही दवाओं से मिल रही सर्वाधिक चुनौतियों के दौर में हमारा दवा व्यवसाय कैसे सुदृढ़ हो इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। साथ ही हमारे राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया आर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स और राज्य संगठन झारखंड केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में हमें एकजुटता का परिचय देते हुये अपनी समस्याओं को हल करने हेतु संघर्ष करना है। उक्त बातें पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय ने कही। पलामू केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत जायसवाल व संचालन सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि हमें यह ध्यान में रखना चाहिये कि हमारा दवा व्यवसाय राष्ट्रीय कानून के दायरे में किया जाने वाला व्यापार है तथा हमारी समस्याएं भी राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया आर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स के नेतृत्व में ही सुलझाई जा सकती है। जरूरत पड़ने पर हम सबने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत कई ऐसे कानूनों को लागू करने से केंद्र सरकार और राज्य सरकार को रोकने में सफल हुये हैं। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी ने ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर बेची जा रही दवाईयों से होने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी। मौके पर पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार, संगठन सचिव असगर हुसैन, संयुक्त सचिव उदय कुमार सिंह, कार्यसमिति सदस्य विनोद पाठक, सतीश जायसवाल, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## झगड़ाखांड़ स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड प्रशिक्षितों को तोहफा

# प्रशिक्षण के बाद 21 छात्रों को मिली नौकरी

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड के झगड़ाखाड़ स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 छात्रों को शोभा लिमिटेड कंपनी बैगलोर में नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्राचार्य बृजकिशोर, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, शैलेन्द्र यादव, शमशेर अंसारी ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवक जो कम पढ़े लिखें हैं, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखे बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये छात्रों से ईमानदारी से काम करते हुये राज्य का नाम रौशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने बताया कि यह 46 वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1386 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। मौके पर एमआईएस प्रेम कुमार, ट्रेनर सिंटू कुमार, जनक राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**गढ़वा :** बढ़ते ठंढ के मद्देनजर जिला प्रशासन लगातार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण कर रही है। साथ ही ठंढ से बचाव करने के लिये लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। गिरते तापमान और बढ़ते ठंढ के मद्देनजर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार ओबरा पंचायत के ग्राम अन्नराज नावाडीह पहुंचे और अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज की महिलाओं, पुरुषों तथा ग्राम भदुआ की पीवीटीजी समुदाय के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सहायक निदेशक ने सभी से उन्हें मिलने वाली पेंशनों की भी जानकारी ली तथा किसी के बहकावें में न आने की बाते कही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता शिविर




**गढ़वा :** उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में डंडई प्रखंड के सृजन पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जो समाज में फैल रहे कुरीतियों एवं कम उम्र में बाल विवाह जैसे कुप्रथाओं पर बहुत ही जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही पीएलवी ने बाल ट्रैफिक, बाल मजदूरी, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं साईबर क्राईम आदि विषयों पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक ऋषि राज, पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे, सुधीर चौबे, गोपाल चौबे, तृप्ता भानू, दीपक कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन





**गढ़वा :** माई युवा भारत के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, संजय बैठा, निरंजन कुमार पांडेय एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक उपस्थित थे। मौके पर मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होने से आय दिन रोज दुर्घटनाएं हो रही है। इसे रोकने के लिये सरकार द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं। हम अपने आस पड़ोस के व्यक्ति को जागरूक कर यातायात के नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित करना जरूरी हैं। निरंजन पांडेय ने कहा कि हिट एंड रन योजना का लाभ लेने के लिये आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के पास जमा करें। स्वीकृत आवेदन प्राप्त होने पर घायल के मामले में राशि 50 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाया। वहीं पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने सड़क हादसा ग्रस्त लोगों को तत्काल कार्रवाई करते हुये सरकारी सहायता के लिये प्रेरित एवं चिकित्सा उपलब्ध कराया। मौके पर दिलीप पासवान, संगीता सिन्हा, प्रदीप कुशवाहा, प्रभात तिवारी, यशवंत मिश्र, उदय कुशवाहा, बिरेंद्र साव, राजा रोहन सिंह, विकाश शुक्ला आदि मौजूद थे।



## दो-तीन दिनों में घर लौटेंगे सैफ अली खान

घर में घुसे चोर के हमले में घायल फिल्म अभिनेता सैफ अली खान की पीठ पर चाकू के गहरे घाव है। लीलावती हॉस्पिटल के डॉक्टर ने सैफ की रीढ़ की हड्डी में लगे चाकू के टुकड़े को सर्जरी कर निकाला। सैफ की हालत फिलहाल स्थिर है। अब सैफ की हालत को लेकर डॉक्टर ने बड़ा अपडेट दिया है। डॉक्टर का कहना है कि अगर चाकू ज्यादा अंदर घुस जाता तो सैफ को काफी प्रॉब्लम हो सकती थी। सैफ के स्वास्थ्य को लेकर उनके फैंस चिंतित हैं। लीलावती हॉस्पिटल के डॉ. नितिन डांगे ने सैफ का इलाज किया। सैफ की हालत पर अपडेट देते हुए डांगे ने कहा कि सैफ अली खान के शरीर पर कुल छह चोटें आईं। इनमें से दो चोटें अधिक गंभीर थीं। अब सैफ अली ठीक हैं। उन्होंने बताया कि सैफ की पीठ पर घाव में 2.5 इंच का चाकू का टुकड़ा फंसा था। अगर यह टुकड़ा सैफ की रीढ़ की हड्डी में फंसा होता तो सैफ को लकवा मार सकता था, लेकिन भगवान की कृपा से सर्जरी के दौरान कोई दिक्कत नहीं हुई। डॉक्टरों के मुताबिक सैफ अली खान को अगले दो-तीन दिन में छुट्टी मिल जाएगी। फिलहाल सैफ जल्द ही फिजियोथेरेपी शुरू करेंगे। जिसके बाद सैफ जल्द से जल्द इस दर्द से उबर जाएंगे। इसके अलावा वह अगले महीने फिर से शूटिंग शुरू कर सकेंगे। सैफ के प्रशंसक अभिनेता के चोट से उबरने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इतने बड़े हमले में सैफ बच गए हैं। अगर घाव गहरा होता तो सैफ का करियर और जिंदगी दोनों खतरे में पड़ सकती थी।

## फिल्म 'लवयापा' में शास्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी खुशी कपूर



जुनैद खान और खुशी कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लवयापा' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के बेहद रोमांचक ट्रेलर और शानदार गानों ने लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। ट्रेलर में खुशी कपूर का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला है। खुशी कपूर ने अपनी पहली फिल्म 'लवयापा' के लिए शास्त्रीय नृत्य का विशेष प्रशिक्षण लिया है। फिल्म के एक गाने में वह शास्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी। आधुनिक रोमांस की दुनिया में सेट 'लवयापा' एक दिल को छू लेने वाली कहानी पेश करता है, जिसमें अविस्मरणीय प्रदर्शन, जीवंत संगीत और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य हैं। यह फिल्म प्रेम के सभी रंगों का उत्सव मनाती है और सभी आयु वर्ग के दर्शकों के दिलों को छूने का वादा करती है। 'लवयापा' 2025 की सबसे रोमांचक सिनेमाई पेशकशों में से एक होने के लिए तैयार है, तो अपने कैलेंडर में 7 फरवरी की तारीख को जरूर मार्क करें और इस प्यार भरी जादुई यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हो जाएं।

**महाकुम्भ में उत्सव के दौरान मां गंगा, जमुना और पौराणिक सरस्वती नदी पर पुजारी के साथ आरती करती महिला बटुक**



# सलीमा टेटे को मिला अर्जुन पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स) अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो



सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग), एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## किरण सिंह देव बने छग भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता



पार्टी के किरण सिंह देव फिर से प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित निर्वाचन कार्यक्रम में शुक्रवार को सिंह देव के निर्वाचन की घोषणा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने की। सिंह देव ने गुरुवार शाम अपना नामंकन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख को सौपा था। उन्होंने तीन सेट में अपना नामांकन दाखिल किया था। किरण सिंहदेव के अलावा किसी अन्य नेता ने अपना नामांकन प्रदेश अध्यक्ष के लिए दाखिल नहीं किया था, जिसके बाद आज सिंह देव को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। किरण सिंह देव का जन्म 17 सितंबर 1962 में जगदलपुर में हुआ। किरण सिंह देव पेशे से वकील रहे हैं। वे सन्‍ 1985-86 तक छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। वे 1998 से 2002 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे। इसके बाद साल 2002 से 2005 तक भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे, 2005 से 2009 तक प्रदेश मंत्री के तौर पर संगठन में सक्रिय रूप से काम किया। सिंहदेव साल 2009 से 2014 तक प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रहे। इसके साथ ही साल 2009 में भाजपा ने महापौर का टिकट किरण देव को दिया। वर्ष 2009 में किरणदेव जगदलपुर नगर निगम के महापौर बने और 2014 तक इसकी जिम्मेदारी निभायी। वर्ष 2014 से 2020 तक संगठन में प्रदेश मंत्री के तौर में सक्रिय भूमिका निभायी। साल 2020 से 2022 तक प्रदेश महामंत्री बने, 2022 में बिलासपुर संभाग के प्रभारी का जिम्मा संभाल रहे थे।

Hit लिस्ट

## हॉलीवुड फिल्म निर्माता-निर्देशक डेविड लिंच का 78 वर्ष में निधन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड फिल्म निमार्ता और निर्देशक डेविड लिंच नहीं रहे। डेविड लिंच ने 78 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। रेजरहेड, ब्लू वेलवेट और मुल्होलैंड ड्राइव उनकी



प्रमुख फिल्में हैं। परिवार ने लिंच के आधिकारिक फेसबुक पेज पर बयान जारी कर उनके निधन की घोषणा की। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, हॉलीवुड ने अपना सबसे बड़ा सितारा खो दिया। उनके निधन पर निर्देशक रॉन हावर्ड, स्टिंग और जुड अपाटो ने श्रद्धांजलि दी है। 2020 में गंभीर बीमारी का पता चलने के बाद लिंच को ऑक्सीजन पर रखा गया था। परिवार ने बयान में कहा, हम दुख के साथ महान व्यक्ति और कलाकार डेविड लिंच के निधन की घोषणा करते हैं। अब वह हमारे बीच नहीं हैं। वह कहा करते थे, "अपनी नजर डोनट पर रखो, फासले पर नहीं।"

## श्रीलंका ने पोडी लेस्सी को भारत से सौंपने का किया आग्रह



**कोलंबो।** श्रीलंका का अंडर वर्ल्ड सरगना अरुमहंडी जेनिथ मदुशंका सिल्वा उर्फ पोडी लेस्सी भारत में पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। श्रीलंका ने आधिकारिक रूप से भारत से उसे सौंपने का आग्रह किया है। लेस्सी को 16 जनवरी को मुंबई में गिरफ्तार किया गया। जेनिथ मदुशंका डी सिल्वा उर्फ ?पोडी लेस्सी कुख्यात ड्रग तस्कर है। वह श्रीलंका में संगठित अपराधियों के गिरोहों का नेतृत्व करता है। स्थानीय समाचार पत्र डेली न्यूज के अनुसार, श्रीलंका की कार्यवाहक आईजीपी प्रियंता वीरसूर्या ने भारत से आधिकारिक तौर पर पोडी लेस्सी को सौंपने का अनुरोध किया है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित श्रीलंकाई उच्चायोग से इस संबंध में भारतीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा है।

**नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 और सीआरसी के साथ हुई सुरक्षाबलों की मुठभेड**

# 12 हार्डकोर नक्सली ढेर, बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की पुष्टि

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ गुरुवार सुबह से दक्षिण बस्तर डिवीजन पामेड़-बासागुड़ा-उसूर एरिया में पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 और सीआरसी (सेंट्रल रीजनल कमेटी) कंपनी के नक्सलियों से जारी मुठभेड़ में डीआरजी एवं सीआरपीएफ की संयुक्त बटालियनों के लगभग ढाई हजार जवान शामिल हैं। सबसे पहले डीआरजी जवानों के साथ 16 जनवरी की दोपहर को नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इसके बाद गुरुवार को दिन भर मुठभेड़ जारी रही, इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 हार्डकोर नक्सली को ढेर कर दिया गया है। मारे गये नक्सलियों के शव एवं हथियार बरामद कर लिए गये हैं। आज शुक्रवार को दूसरे दिन भी



नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दक्षिण बस्तर डिवीजन पामेड़-बासागुड़ा-उसूर एरिया में पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 और सीआरसी (सेंट्रल रीजनल कमेटी) कंपनी के नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी ' मुठभेड़ में हथियार सहित 12 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पीएलजीए बटालियन एवं सीआरसी कंपनी के सदस्य, की शिनाख्तगी कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी सर्च अभियान पूरा होने के बाद आज शाम 5 बजे दी जाएगी। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा है कि नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, अभी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान और भी तेज होंगे। बीजापुर और सुकमा जिले की सरहद के नजदीक बहने वाली तलपेरू और चिंतावागु नदी के किनारे दक्षिण बस्तर के कुख्यात नक्सली कमांडर हिड़मा के बटालियन के मौजूदगी की सटीक जानकारी पर सीआरपीएफ एवं डीआरजी के जवानों को रवाना किया गया था। इस दौरान पुजारी कांकेर, गलगम, तुमलेर बोटेतुंग, कमलापुर, रामपुर के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। कल दिनभर अलग-अलग स्थानों पर नक्सलियों और जवानों के मध्य मुठभेड़ जारी रही। इस मुठभेड़ में हथियार सहित 12 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। घने जंगल के कारण जवानों का सर्चिंग अभियान अभी पूरा नहीं हुआ। इसलिए जवानों ने रातभर इलाके को घेर कर रखा है। आज सुबह फिर से सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। सर्चिंग पूरा होने के बाद जवान वापस बेस कैंप की ओर रवाना होंगे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)